भारत और पाकिस्तान के बीच तेल की खोज के लिये करार

5787. श्री विभूति मिश्र : क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में विभिन्न स्थानों में और समुद्र के अन्दर तेल की खोज के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच एक करार है;

(ख) यदि हां, तो उक्त करार के ... तक कहां-कहां तेल की खोज का कार्य प्रारम्भ किया गया है; और

(ग) इस करार से भारत को किस सीमा तक लाभ होगा ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बलबीर सिंह) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

दहापुरोड और दोहद के बीच नई रेलवे लाइन

5789. श्री अमर सिंह चौधरी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दहापुरोड और दोहद के बीच रेलवे लाइन बिछाने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) (क) जी, नहीं.

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

रेलवे में फायरमैनों का तबादला

5790. श्री अमर सिंह चौधरी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे में फायरमैनों के तबादले के बारे में क्या नियम हैं;

(ख) क्या अलग अलग जोनों के लिए भिन्न भिन्न नियम हैं; और

(ग) क्या वहां अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित पद हैं और इन पदों को किस तरह से भरा जाता है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख). रेलों पर अराजपत्रित रेल कर्मचारियों का स्थानान्तरण, जिनमें फायरमैन भी शामिल हैं, आमतौर पर उनकी क्रमिक वरिष्ठता यूनिटों के भीतर ही किया जाता है।

(ग) जी हां। जहां तक फायरमैन "ए" का संबध है, 75 प्रतिशत रिक्तियां सीधी भर्ती द्वारा भरी जाती हैं। इस सीधी भर्ती के कोटे में आरक्षित रिक्तियां का निर्धारीत प्रतिशत अनुसूचित जन जातियों को आवंटित किया जाता है। फायरमैन "बी" और फायरमैन "सी" के मामले में, जहां ये पद पदोन्नति द्वारा भरे जाते है आरक्षित रिक्तियों का निर्धारित प्रतिशत अनुसूचित जन जातियों को आवंटित किया जाता है।